10 दिनों में गैस सिलेंडर बुकिंग का बैकलाग होगा पूरा

जिले में आपूर्ति की दोगुनी, जिलाधिकारी ने ली बैठक, 8,450 से बढ़ाकर 19,700 किया एचपीसीएल

6,972 सिलेंडर की आपूर्ति रोजाना बीपीसीएल की

नागपुर, निज संवाददाता. नागपुर शहर एवं जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए गैस कंपनियों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर मांग और आपूर्ति के अंतर को कम करने में सफलता प्राप्त की है. जिलाधिकारी कुमार आशीर्वाद ने आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल तेल कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकीय अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कीं और लंबित बुकिंग के बैकलाग को खत्म करने के निर्देश दिये. कुमार के निर्देश पर गैस कंपनियों ने नागपुर में सिलेंडरों की दैनिक आपूर्ति दोगुनी कर दी है. बताया गया कि एचपीसीएल कंपनी द्वारा पहले नागपुर शहर में 8,450 सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती थी जिसे अब बढ़ाकर 19,700 कर दिया गया है. ? बीपीसीएल कंपनी द्वारा 99 एमटी लगभग 6,972 सिलेंडर की दैनिक आपूर्ति नियमित रूप से जारी है. ? आईओसीएल कंपनी द्वारा मानकापुर स्थित रश्मि गैस एजेंसी तथा अन्य प्रतीक्षा सूची वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त कोटा देकर आपूर्ति दोगुनी की गई है. इससे अगले 5 से 10 दिनों में सभी लंबित बुकिंग पूरी हो जाएंगी. प्रवासी मजदूरों के उपयोग के लिए 5 किलो वाले एफटीएल सिलेंडरों के वितरण में भी दोगुनी वृद्धि की गई है.

फर्स्ट इन फर्स्ट आउट

गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिसने पहले बुकिंग की, उसे पहले सिलेंडर का सिस्टम लागू करने के सख्त निर्देश सभी एजेंसियों को दिए गए हैं. जिन एजेंसियों पर ग्राहकों की शिकायतें अधिक हैं, वहां घर-घर डिलीवरी को तेज करने के लिए अतिरिक्त वाहन और डिलीवरी ब्वॉय तैनात करने का निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिया है. घरेलू गैस की कालाबाजारी और फर्जी डिलीवरी रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया. जिलाधिकारी ने सभी एजेंसियों को 90 से 95 प्रतिशत वितरण केवल ओटीपी के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं. जहां मोबाइल नेटवर्क या तकनीकी समस्याओं के कारण ओटीपी प्राप्त नहीं हो पा रहा है, वहां डिलीवरी ब्वॉय अधिकृत एप के माध्यम से ग्राहक की पहचान सत्यापित कर गैस उपलब्ध कराएगा. साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए जिले के सभी सेतु सुविधा केंद्रों पर मुफ्त ई-केवाईसी की व्यवस्था की गई है.

प्रशासन की चेतावनी और अपील

...तो होगी सख्त कार्रवाई

(हाफकालम कुमार आशीर्वाद)

घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति अब पूरी तरह सुचारु हो चुकी है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. इसलिए नागरिकों को घबराने या अनावश्यक रूप से गैस का भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है. साथ ही किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें. जिला प्रशासन द्वारा जारी नियमों और आदेशों का उल्लंघन करने वाली गैस एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

- कुमार आशीर्वाद, जिलाधिकारी, नागपुर

चौराहों पर ग्रीन नेट योजना में 65 लाख की बर्बादी

नागपुर. बढ़ती गर्मी से त्रस्त नागरिकों को राहत देने के लिए महानगर पालिका द्वारा शुरू की गई ग्रीन नेट योजना विवादों में घिर गई है. 65 लाख रुपये की लागत वाली इस योजना में निकृष्ट दर्जे की सामग्री का उपयोग किए जाने की बात सामने आई है, जिसे लेकर स्थायी समिति की सभापति शिवानी दानी ने जांच के आदेश दिए जाने की जानकारी दी.

आधा सीजन बीतने के बाद लगाई गई खराब नेट

मनपा ने शहर के 20 चौराहों पर ग्रीन नेट लगाने का निर्णय लिया था, जिसके लिए 65 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया था. वर्तमान में केवल 5 चौराहों पर ग्रीन नेट लगाई गई है, लेकिन इसकी गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई. शुक्रवार को हुई स्थायी समिति की बैठक में यह मुद्दा जोरों पर रहा. सभापति शिवानी दानी ने स्पष्ट किया कि आधी गर्मी बीत जाने के बाद यातायात विभाग ने ये नेट लगाईं और सामग्री के निकृष्ट होने के कारण 65 लाख रुपये का पूरा खर्च व्यर्थ जाता दिख रहा है.

DRM ने लिया यात्री सुविधाओं का जायजा

सुरक्षा व्यवस्था और रेल परिचालन का भी निरीक्षण

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को इतवारी स्टेशन से मंडला फोर्ट सेक्शन तक विंडो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य रेल संरक्षा, परिचालन व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं का समग्र मूल्यांकन करना था. निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, विद्युत संरचना तथा स्टेशन परिसरों की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया. इस दौरान संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए.

यात्री सुविधाओं में कोताही ना बरतने के निर्देश

डीआरएम गुप्ता ने मंडला फोर्ट स्टेशन पहुंचने पर यहां उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया. उन्होंने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक सुधारात्मक निर्देश जारी किए गए. इसके अलावा रेलवे सुरक्षा बल और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई. डीआरएम ने यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षित रेल परिचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया. इस दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर), वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेल सुरक्षा बल सहित मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

महाराष्ट्र फुटबॉल टीम में नागपुर के 3 खिलाड़ी

नागपुर, खेल प्रतिनिधि. छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 12 मई से होने वाली स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए महाराष्ट्र टीम में नागपुर के तीन फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन किया गया है. चयनित खिलाड़ियों में अंसार क्लब के गोलकीपर आमिर हमजा, नोबेल स्पोर्ट्स अकादमी के डिफेंडर प्रणव निमबार्ते और इलेवन स्टार के डिफेंडर मोहम्मद साद शामिल हैं. महाराष्ट्र की 18 सदस्यीय टीम में इन खिलाड़ियों को जगह मिली है. वहीं नागपुर के एबी खान को टीम मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई है. महाराष्ट्र राज्य (विफा) अंतर-जिला अंडर-20 फुटबॉल चैंपियनशिप के दौरान लोनावला स्थित सिंहगढ़ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों का चयन किया गया. नागपुर से आमिर हमजा, प्रणव निमबार्ते, अब्दुल्ला सिद्दीकी, मोहम्मद साद और मोहम्मद रिजवान अंसारी को संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया था. इनमें से तीन खिलाड़ियों ने राज्य टीम में स्थान बनाने में सफलता हासिल की.

एक नजर में

पुलिस गश्त में धराया तड़ीपार

नागपुर. बजाजनगर पुलिस ने गश्त के दौरान एक तड़ीपार अपराधी को बिना अनुमति शहर में घूमते दबोचा. पकड़ा गया आरोपी दंतेश्वरीनगर झोपड़पट्टी निवासी अश्फाक मुनीर अंसारी (27) बताया गया. शुक्रवार की रात 12.30 बजे के दौरान पुलिस दस्ता परिसर में गश्त कर रहा था. सावरकरनगर चौक के समीप पुलिस को अश्फाक संदेहास्पद स्थिति में घूमता दिखाई दिया. पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा कर दबोचा गया. नवंबर 2024 में डीसीपी जोन 1 ने उसे 2 वर्ष के लिए नागपुर जिले से तड़ीपार किया था. बिना अनुमति लिए वह परिसर में दाखिल हुआ.

खेत के कच्चे मकान में लगी आग, उपकरण जले

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम मलोलखापा भैंसादंड मे शनिवार की दोपहर के किसान के खेत मे स्थित कच्चे मकान मे आग लग गई, जिससे मकान मे रखे कृषि उपकरण जलकर राख हो गए। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया शनिवार की दोपहर करीब सवा 3 बजे ग्राम मलोलखापा में लक्ष्मी ढोले के खेत मे स्थित कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी से कृषि उपकरण एवं पानी की मोटर,पाइप जलकर राख हो गए। आगजनी की सूचना मिलने पर नगरपालिका की फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। आग बुझाने में फायर वाहन चालक ड्राइवर मनोज सिंह, गिरीश पिपले, सुमित पूरी की सराहनीय भूमिका रही।

वेकोलि परिवार ने आकांक्षा शर्मा को श्रद्धांजलि दी

पाथाखेड़ा। क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में उप-प्रबंधक (वित्त) के पद पर कार्यरत रहीं आकांक्षा शर्मा के 8 मई को हुए दुखद निधन से पूरे पाथाखेड़ा क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। शुक्रवार 9 मई को महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में आयोजित शोकसभा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नम आंखों से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महाप्रबंधक (संचालन) जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि आकांक्षा शर्मा ने अपने अल्प कार्यकाल में ही एक कार्यकुशल, मृदुभाषी और मिलनसार अधिकारी के रूप में सभी के बीच विशेष पहचान बनाई थी।

गणेश टेकडी नागपुर से हनुमान लोक जामसांवली धाम तक सीधी बस सेवा प्रांरभ करने रखी मांग

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट हनुमान लोक ने सौपा मुख्यमंत्री फडवनवीस को मांगपत्र

नवभारत न्यूज

सौंसर 9 मई- चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक ट्रस्ट जामसांवली धाम द्वारा श्रद्धालूओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस को मांग पत्र सौपकर गणेश टेकडी नागपुर से श्री हनुमान लोक जामसांवली तक सीधी बस सेवा प्रांरभ करने की मांग की गई। साथही मध्यप्रदेष एवं महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर इस मार्ग पर बस के फेरों की संख्या बढाने का अनुरोध भी किया है। मंदिर ट्रस्ट ने अपने मांगपत्र में उल्लेख किया है कि, जामसांवली धाम वर्तमान समय में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक एवं आस्था का केन्द्र बन चुका है। जहा प्रतिदिन हजारों श्रद्धालू दर्षनार्थ पहुचते है। मंगलवार, शनिवार एवं विशेष पर्वो पर श्रद्धालूओं की संख्या कई गुना बढ जाती है। इसके बावजूद नागपुर से जामसांवली धाम तक सीधी एवं नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध नही होने से श्रद्धालूओं को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। ट्रस्ट का कहना है कि, महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से आनेवाले श्रद्धालू पहले नागपुर पहुचते है लेकिन वहा से जामसांवली धाम तक सीधी बस सुविधा नही होने के कारण उन्हें कई बार वाहन बदलना पडता है। इससे बुजूर्गो, महिलाओं एवं दूर-दराज से आनेवाले भक्तों को अधिक कठिनाई होती है। यदि गणेष टेकडी नागपुर से सीधी बस सेवा प्रांरभ होती है तो श्रद्धालूओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल सकता है। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल षर्मा, सचिव टीकाराम कारोकार ने बताया कि, जामसांवली धाम देषभर में श्रद्धा और आस्था का बडा केन्द्र बनता जा रहा है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालू यहा भगवान हनुमान जी के दर्षन करने के लिये पहुचते है। ऐसे में सीधी बस सेवा प्रांरभ होना अंत्यत

समझौता करने वाले पक्षकारो को भेंट किए पौधे

मुलताई। नगर के न्यायालय परिसर मे शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश यतेश सिसोदिया, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय भलावी, व्यवहार न्यायाधीश अभिजीत सिंह वास्कले, सरिता डावर वास्कले,लक्ष्मन डोडवे सहित अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल, एडवोकेट जीजी घोडे, टीके चौधरी सहित अधिवक्ताओ द्वारा किया गया। इस अवसर न्यायाधीशो द्वारा प्रकरणो मे समझौता करने वाले पक्षकारो को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधे भेट कर पौधों का पालन पोषण करने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने समाजसेवी सतीश डोंगरदिये ने 111 गमले भेट किए। नगरपालिका मे शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे पुराने बकाया टैक्स पर छुट दी गई। राजस्व निरीक्षक संतोष शिवहरे ने बताया जलकर कु बकाया राशि मे 4 लाख 12 हजार रुपए एवं सम्पतिकर के 4 लाख 60 हजार रुपए की राशि शाम 5 बजे तक वसूल की गई।

प्रस्फुटन समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

बैतूल। जिले की प्रस्फुटन समितियों आठनेर, भैंसदेही, पट्टन एवं मुलताई विकासखंड का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत भारती परिसर बैतूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री नागर ने प्रस्फुटन समितियों की ग्राम विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राम विकास का वास्तविक आधार ग्राम का व्यक्ति होता है। उन्होंने समग्र ग्राम विकास के लिए पाँच प्रमुख संपत्तियों भूमि, जल, वन, जन एवं पर्यावरण के संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। साथ ही ग्रामों में स्वेच्छिकता, शिक्षा एवं बौद्धिक विकास को सशक्त बनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के तकनीकी सत्रों में दस्तावेजीकरण एवं वित्तीय अभिलेख प्रबंधन, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग, ग्राम विकास की रणनीतियां तथा प्रस्फुटन समितियों के सुझाव एवं अपेक्षाएं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सत्रों का संचालन निदेशक जअप वीरेंद्र व्यास, ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाशी धुर्वे एवं दिनेश पंवार द्वारा किया गया।

नदियों का स्वच्छ होना आवश्यक : मोहन नागर

बैतूल। जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत बैतूल की जीवनदायिनी नदी माचना को जलकुम्भी से मुक्त करने के लिए अब बड़ी संख्या में नागरिक श्रमदान के लिए आगे रहें हैं। शनिवार को सदर क्षेत्र के माचना घाट पर सैंकड़ों नागरिकों ने माचना स्वच्छ्ता अभियान में सहभागिता की। नागरिकों के नियमित श्रमदान व नगरपालिका द्वारा पोकलेन और जेसीबी मशीनों के सहयोग से सदर क्षेत्र में माचना जलकुम्भी मुक्त होकर नदी में पानी दिखने लगा है। नदी स्वच्छता के इस नियमित अभियान में प्रात: 7 बजे से ही लोग श्रमदान के लिए आने लगे हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिले भर की प्रस्फुटन, परामर्श दाता व नवांकुर समितियों के सदस्य, पारदी ढाना बस्ती के युवाजन, ग्रीन टाइगर्स के सदस्य, माचना जन्मोत्सव समिति ,स्वस्ति सेवा समिति, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, शारदा समिति,ओम विजन, आईइसी, प्रदीपन, अंश सेवा समिति, भूपेंद्र बाल एवं महिला समिति, ग्रीन सिटी सहित अनेक संगठनों के श्रमदानियों ने नदी से जलकुंभी निकालने में अपना योगदान दिया। श्रमदान के पश्चात नदी घाट पर हुए नदी संवाद में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि नदियां हमारे स्वास्थ्य की रक्षक है।

562 महिलाओं ने लिखी सफलता की कहानी

नागपुर, निज संवाददाता. जिला परिषद नागपुर और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा 'नई किरण' उपक्रम केवल शिक्षा प्रदान करने वाला कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक प्रभावी सामाजिक अभियान बन गया है. कई वर्षों से शिक्षा से दूर रहीं महिलाओं को फिर से मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण कार्य इस पहल के माध्यम से किया जा रहा है. इस वर्ष 562 (93 प्रतिशत) महिलाओं ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में सफलता पाकर अपनी जिद और मेहनत की प्रेरणादायी कहानी लिखी है. यह आंकड़ा केवल परीक्षा परिणाम का नहीं, बल्कि महिलाओं के नए आत्मविश्वास, स्वाभिमान और नई शुरुआत का प्रतीक माना जा रहा है. आज ये महिलाएं केवल अपने परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं. 'दादी पढ़ रही हैं' जैसा दृश्य समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश दे रहा है और आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के लिए प्रेरित कर रहा है.

महिला सशक्तिकरण की नींव - महामुनि

जिला परिषद सीईओ विनायक महामुनि ने कहा कि नई किरण उपक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण की नींव मजबूत करने वाला अभियान है. 562 महिलाओं की सफलता उनकी जिद और इस योजना के प्रभाव का जीवंत उदाहरण है.

आपसी तालमेल के लिए महायुति की दो समिति

नागपुर, निज संवाददाता. महायुति सरकार में शामिल तीनों पार्टियों के मंत्रियों व पार्टी के नेताओं के बीच आपसी तालमेल के लिए समितियां बनाने का निर्णय लिया गया है. इस समन्वय समिति में प्रदेश अध्यक्षों को शामिल नहीं किये जाने को लेकर कयासों का दौर चल रहा है. इस पर राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने सरकार के भीतर समन्वय के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया है. सरकार में शामिल मंत्रियों की यह समिति हर मुद्दे पर आपसी समन्वय स्थापित करने का कार्य करेगी ताकि किसी तरह की गलत बयानबाजी न हो. वे नागपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे. उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी स्तर पर अलग समन्वय समिति कार्यरत रहेगी. इस समिति में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और शिवसेना द्वारा नियुक्त सदस्य शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि सरकार के भीतर का समन्वय और पार्टी स्तर का समन्वय, दो अलग बातें हैं. इसलिए इसे प्रदेश अध्यक्षों के मुद्दे से नहीं जोड़ना चाहिए.

बंगाल की जनता को जंगलराज से मुक्ति

बावनकुले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कार्यभार संभाला है और अब राज्य में डबल इंजन सरकार आ गई है. विकसित भारत, विकसित बंगाल के संकल्प के साथ यह सरकार काम करेगी. बंगाल की जनता को गुंडागर्दी, अराजकता और जंगलराज से मुक्ति मिलेगी. हाई कोर्ट द्वारा अंग्रेजों के समय में लीज पर दी गई सरकारी जमीन मिरा साल कंपनी के नाम करने के निर्णय पर उन्होंने कहा कि यह जमीन सरकार की है.

समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट माध्यम : शुक्ला

बैतूल। जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल में आयोजित समर कैंप रंगारंग प्रस्तुतियों और बच्चों की शानदार प्रतिभाओं के प्रदर्शन के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विगत 24 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे विद्यालय में आयोजित इस विशेष समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय संचालक कमलेश खासदेव एवं संजय राठौर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक योग प्रदर्शन से हुई, जिसने स्वास्थ्य और अनुशासन का संदेश दिया। इसके बाद जुम्बा और डांस प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को ऊर्जा और तालियों से गूंजायमान कर दिया। सिंगिंग और ओपन माइक गतिविधियों में बच्चों ने गीत, कविता और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समर कैंप में लगाई गई आर्ट गैलरी भी आकर्षण का केंद्र रही, जहां बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, क्राफ्ट और रचनात्मक कलाकृतियों ने सभी को प्रभावित किया। वहीं मेहंदी गैलरी में छात्राओं की खूबसूरत और बारीक डिजाइनों को अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि खेल, कला, संस्कृति, विज्ञान और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिला है। उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने का संदेश भी दिया। डायरेक्टर संजय राठौर ने कहा कि बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर उनकी कला, प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।

बैठक | **जिले की कामकाजी बैठक संपन्न**

विचारधारा के प्रति निष्ठा हमारे संगठन की पहचान : हेमंत खंडेलवाल

बैतूल। जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हमारी कामकाजी और कोर समिति की बैठकें 100 प्रतिशत पूरी हुई है। हमारी पार्टी लगातार कार्य करने वाले राजनीतिक दल के रूप में पहचानी जाती है। हमारे कार्यकर्ता अपनी विचारधारा और कार्यपद्धति के प्रति निष्ठा से सिखते हुए काम करते है। समय समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण निरंतर सुधार की दृष्टि से होता है जो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। संगठन की सफलता से कार्यकर्ताओं का सम्मान बढता है सतत संपर्क और संवाद के साथ पार्टी को समय देना पार्टी के सम्मान के लिए जरूरी है। प्रदेश संगठन ने अपने कलेन्डर में हर माह बैठको का टाईम टेबल तय किया है। समय के साथ पूरी मजबूती से एक परिवार की तरह हम सक्रियता के साथ सशक्त हो ऐसा प्रयास सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ को करना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग संगठन प्रभारी कांतदेव सिंह ने कहा कि बैतूल जिले में जिस तरह से समन्वय के साथ संगठन कार्य कर रहा है। वह अन्य जिलो के लिए भी प्रेरणा का कार्य करता है। मंडलो की बैठक समय पर हो रही है। इनकी व्यवस्थित रिपोर्टिंग और कार्यकर्ताओं की निष्ठा से पिछले कार्यक्रम सफल हुए है। आने वाले दिनो में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में संख्या अनुशासन और 100 प्रतिशत उपलब्धता से हम संगठन की आशाओ पर खरे उतरेगें। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुदर्शन गुप्ता ने कहा कि जिले के 30 मंडलो में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुए है। अब जिले का प्रशिक्षण वर्ग होना है इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित श्रेणी के हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को पूरे समय वर्ग में निष्ठा के साथ उपस्थित रहना है। वर्ग के उदघाटन से लेकर समापन तक सर्व व्यापी, सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण हमें प्रस्तुत करना है। बैठक को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि आज पूरे भारत वर्ष में हम पर जनता भरोसा कर रही है। उस विश्वास पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता सशक्त संगठन का सृजन करते है। हमारे हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिले की बैठक और संगठन के ऐजेंडे के साथ साथ शासन की योजनाओं को लेकर बूथ स्तर तक सतत संवाद पूरे वर्ष करते रहे यही अपेक्षा है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रत्येक माह हर स्तर पर बैठको का समय निर्धारण किया गया है।

साइंस की अंकसूची में कॉमर्स का विषय

नागपुर, महानगर संवाददाता. विश्वविद्यालय की शीतकालीन परीक्षाओं के परिणाम और विद्यार्थियों को जारी की जा रही अंकसूची में गंभीर त्रुटियां सामने आ रही हैं. बीएससी छठवें सेमेस्टर के एक छात्र की अंकसूची में कॉमर्स का ऑडिट विषय जुड़ गया. इतना ही नहीं, एक इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर इंजीनियरिंग तृतीय सेमेस्टर की पूरी क्लास के छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया. इस तरह की लापरवाही से छात्रों का टेंशन बढ़ गया है.

छात्रों की विविध समस्याओं को लेकर सीनेट सदस्य एड. मनमोहन बाजपेयी ने उपकुलपति को पत्र भेजा है. इसमें बताया है कि हजारों विद्यार्थियों की मार्कशीट में अक्षम्य गलतियां सामने आ रही हैं, जिससे उन्हें मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने इससे पहले 18 मार्च और 22 अप्रैल को भी परीक्षा, परिणाम और शैक्षणिक सत्र संबंधी समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था. इसके बावजूद अब तक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ. उन्होंने बताया कि कई विद्यार्थियों की मार्कशीट में गलत विषयों के अंक दर्ज किए गए हैं. कुछ विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने के बावजूद अनुत्तीर्ण दर्शाया गया है, जबकि कई विद्यार्थियों को अनुपस्थित दिखाया गया है. इतना ही नहीं, कंप्यूटर इंजीनियरिंग तृतीय सेमेस्टर के एक पूरे वर्ग को फेल घोषित करने का मामला भी सामने आया है. वहीं एक महाविद्यालय के सातवें सेमेस्टर के 60 विद्यार्थियों में से 42 विद्यार्थियों का परिणाम विथेल्ड दिखाया गया है.

- युद्ध स्तर पर सुधार की मांग

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि नवंबर माह से लंबित कई मार्कशीटों में अब तक सुधार नहीं हुआ. अनेक विद्यार्थियों के इंटरनल मार्क्स तक दर्ज नहीं किए गए हैं. टी.आर. में भी अंक शामिल नहीं होने से पुन: सुधार प्रक्रिया करनी पड़ रही है. ग्रीष्मकालीन परीक्षाएं शुरू हो गई हैं और अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने हैं, लेकिन सिस्टम में डबल विषय दिखाई देने के कारण अतिरिक्त शुल्क की मांग हो रही है. इससे विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क जमा करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि संपूर्ण परीक्षा एवं परिणाम प्रणाली में युद्ध स्तर पर सुधार किया जाए.